केवल अभ्यास हेतु नमूना प्रश्न पत्र
Sample Question Paper for Practice only
हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026-27
Higher Secondary Examination 2026-2027
विषय – भूगोल
Subject : Geography
(Hindi & English Versions)

Total Question	Total Printed Page	Time	Maximum Marks
20	10 +3 MAP	3 Hours	70

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। जिसमें सही विकल्प 06 अंक रिक्त स्थान 06 अंक, सत्य/असत्य 06 अंक, सही जोड़ी 05 अंक, एक वाक्य में उत्तर 05 अंक के प्रश्न होंगे।

(iii) प्रश्न क्रमांक 14 से 20 तक के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 06 से 13 तक अति लघुत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 02 अंक आवंटित है। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमाक 14 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक आवंटित है। शब्द सीमा 75 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 18 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रश्न के लिए 04 अंक आवंटित है। शब्द सीमा 120 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 19 व 20 विश्व तथा भारत के मानचित्र पर आधारित है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 05 अंक आवंटित है।

(viii) प्रश्न क्रमांक19 विश्व के मानचित्र में दर्शाए गये क्षेत्र / स्थानों को पहचानकर उनके नाम मानचित्र में लिखिए तथा प्रश्न क्रमांक 20 भारत के दिये गए मानचित्र में प्रश्न में दिये गये स्थानों / क्षेत्र को दर्शाकर उत्तर पुस्तिका में संलग्न कीजिए।

(ix) केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 19 एवं 20 (मानचित्र) के साथ एक-एक अतिरिक्त सैद्धांतिक प्रश्न, जिस एक-एक अंक निर्धारित है

Instructions:

(i) All Questions are compulsory.

(ii) Que. No.1 to 5 are objective type questions. Choose the correct options 06 marks. Fill in the blanks 06 marks, True/False 06 marks, Match the column 05 marks, answer in one sentence 05 marks.

(iii) Internal options are given in Question No. 14 to 20.

(iv) Que. No.6 to 13 are very short answer type questions. Each question carries 02 marks. Word limit is 30 words.

(v) Que. No.14 to 17 are short answer type questions. Each question carries 03 marks. Word limit 75 words.

(vi) Que. No. 18 is long answer type questions. Question carries 04 marks.Word limit is 120 words.

(vii) Que. 19 and 20 are based on world and India maps, respectively. Each question carries 05 marks.

(viii) Que.No. 19 Identify the areas/places shown in the map of the world and write their names on the map and Que. No. 20 show the areas/places shown on the given map of India and attach them in the answer book.

(ix) For visually impaired candidates only: In place of Question Nos. 19 and 20map-based questions an additional theoretical question is provided for each with one mark assigned to each.

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1X6=6)**

(i) निम्नलिखित में से एक मानव भूगोल का उपागम नहीं है।

(अ) क्षेत्रीय भिन्नता (ब) मात्रात्मक क्रांति

(स) स्थानिक संगठन (द) अन्वेषण और वर्णन

(ii) विकास की अवधारणा निम्नलिखित में से किस विद्वान् की देन है-

(अ) प्रो. अमर्त्य सेन (ब) डॉ. महबूब-उल-हक

(स) एलन सी.सेम्पुल (द) रैटजेल

(iii) निम्नलिखित में से एकल कृषि नहीं है-

(अ) डेरी कृषि (ब) मिश्रित कृषि

(स) रोपण कृषि (द) वाणिज्य अनाज कृषि

(iv) निम्नलिखित भारतीय राज्यों में से सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य है-

(अ) पश्चिम बंगाल (ब) उत्तर प्रदेश

(स) केरल (द) बिहार

(v) निम्नलिखित में से एक भू-उपयोग संवर्ग नहीं है -

(अ) परती भूमि (ब) निवल बोया क्षेत्र

(स) सीमांत भूमि (द) कृषि योग्य व्यर्थ भूमि

(vi) निम्नलिखित वर्ष में भारत का पहला रेडियो कार्यक्रम प्रसारित हुआ था.

(अ) सन् 1336 (ब) सन् 1927

(स) सन् 1923 (द) सन् 1928

Choose the correct option and write-

(i) Which of the following is NOT an approach in Human Geography?

(A) Areal Differentiation (B) Quantitative Revolution

(C) Spatial Organisation (D) Exploration and Description

(ii) The concept of development was contributed by which of the following scholars?

(A) Prof. Amartya Sen (B) Dr. Mahbub-ul-Haq

(C) Ellen C. Semple (D) Ratzel

(iii) Which of the following is NOT a type of monoculture farming?

(A) Dairy Farming (B) Mixed Farming

(C) Plantation Agriculture (D) Commercial Grain Farming

(iv) Which of the following Indian states has the highest population density?

(A) West Bengal (B) Uttar Pradesh

(C) Kerala (D) Bihar

(v) One of the following is not a land use category -

(A) Fallow land (B) Net sown area

(C) Marginal land (D) Cultivable waste land

(vi) India's first radio program was broadcast in the following year.

(A) 1336 (B) 1927

(C) 1923 (D) 1928

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - (1X6=6)

(i) आदिम मानव समाज और प्रकृति की प्रबल शक्तियों के बीच की अन्योन्यक्रिया ..... कहा जाता है।
(ii) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या..... करोड़ थी।
(iii) ब्राजील में काफी के बागान को ..... कहा जाता है।
(iv) प्रत्येक सड़क जो दो नोडों को जोड़ती है, उसे ..... कहते हैं।
(v) भारत की पहली संपूर्ण जनगणना सन् ..... में हुई थी।
(vi) ..... एक प्राकृतिक पत्तन है, यह देश का सबसे बड़ा पत्तन है।

Fill in the blanks.

(i) The interaction between primitive human societies and the powerful forces of nature is called the .....

(ii) According to the 2011 Census, the population of India was ..... crore.

(iii) Coffee plantations in Brazil are called .....

(iv) Every road that connects two nodes is called a .....

(v) The first complete census of India was conducted in .....

(vi) .....is a natural harbour and is the largest port in the country.

3 .सत्य /असत्य लिखिए - **(1X6=6)**

(i) विकास का अर्थ गुणात्मक परिवर्तन है।
(ii) विनिर्माण से आशय किसी भी वस्तु का उत्पादन है।
(iii) फेरी, रेहड़ी, इंटरनेट मार्केटिंग फुटकर व्यापार के उदाहरण है।
(iv) सन् 1750 के बाद आधुनिक उद्योगों पर आधारित नगरों का जन्म हुआ था।
(v) भारतीय वर्षा में अत्यधिक स्थानिक समानता पाई जाती है।
(vi) भारत में परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना सन् 1948 में की गई थी।

Write True / False.

(i) Development refers to qualitative change.
(ii) Manufacturing refers to the production of goods.
(iii) Peddling, hawking, and internet marketing are examples of retail trade.
(iv) After 1750, towns based on modern industries came into existence.
(v) Indian rainfall exhibits a high degree of spatial uniformity.
(vi) The Atomic Energy Commission was established in India in 1948.

4 . सही जोड़ियाँ बना कर लिखिए - **(1X5=5)**

क्र.	कॉलम 'A'	कॉलम 'B'
(i)	प्रेयरीज घास के मैदान	(अ) आस्ट्रेलिया
(ii)	डाउंस घास के मैदान	(ब) अमेरिका
(iii)	राईन नदी जलमार्ग	(स) 117 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.
(iv)	2011 में भारत का जनसंख्या घनत्व	(द) जर्मनी
(v)	1951 में भारत का जनसंख्या घनत्व	(इ) 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.

Match the following.

S.No	Column 'A'	Column 'B'
(i)	Prairies grasslands	**(a)** Australia
(ii)	Downs grasslands	**(b)** America
(iii)	Rhine River waterway	**(c)**117 persons per sq. km.
(iv)	India's population density in 2011	**(d)** Germany
(v)	India's population density in 1951	**(e)** 382 persons per sq. km.

5 . एक वाक्य में उत्तर लिखिए - **(1X5=5)**

(i) सर्वोच्च 'उच्च मूल्य' सूचकांक वाले देश का नाम लिखिए।
(ii) विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि की मुख्य फसल का नाम लिखिए।
(iii) GATT का फुल फार्म लिखिए।
(iv) भारत में जनसंख्या की किस प्रावस्था को जनसंख्या विस्फोट की अवधि के रूप में जाना जाता है?
(v) कौन-सी बस्तियाँ सुदुर जंगलों में एकाकी झोपड़ियों अथवा कुछ झोपड़ियों की पल्ली अथवा छोटी पहाड़ियों के ढालों पर खेतों व चराहगाहों के रूप में दिखाई देती हैं?

Answer in one sentence.

(i) Name the country with the highest 'high-value' index.

(ii) Name the main crop of commercial grain farming.

(iii) Write the full form of GATT.

(iv) Which phase of population in India is known as the period of population explosion?

(v) Which settlements appear as isolated huts in remote forests, small hamlets, or scattered dwellings on the slopes of small hills amidst fields and pastures?

6 . "रुको और जाओ" निश्चयवाद से क्या आशय है ? **(02)**
What is meant by "Stop and Go" determinism?

7. मानव विकास के सबसे पुराने उपागम की कोई दो विशेषताएँ लिखिए । **(02)**
Write any two characteristics of the oldest approach to human development.

8. किन्हीं दो बिन्दुओं के आधार पर बताये कि वाणिज्य पशुधन पालन पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित है। **(02)**
Explain, based on two points, how commercial livestock farming is influenced by Western culture.

9. पार महाद्वीपीय रेल मार्ग किसे कहते हैं? विश्व के किन्हीं दो पार महाद्वीपीय रेलमार्गों के नाम लिखिए। **(02)**
What is a transcontinental railway? Name any two transcontinental railways of the world.

10. जनसंख्या वृद्धि किसे कहते हैं ?इसके दो घटकों के नाम लिखिए। **(02)**
What is population growth? Name its two components.

11. सन् 1901 से 1921 की अवधि को भारत की जनसंख्या वृद्धि की स्थिर अवस्था कहे जाने के कोई दो कारण लिखिए। **(02)**
Write any two reasons why the period from 1901 to 1921 is referred to as a phase of stagnant population growth in India.

12. अंग्रेजों और अन्य यूरोपीय द्वारा भारत के तटीय स्थानों पर बनाए गए चार आधुनिक नगरों के नाम लिखिए। **(02)**
Name four modern cities established by the British and other Europeans in the coastal regions of India.

13. 'भरमौर' क्षेत्र में सम्मिलित जनजातीय विकास कार्यक्रम की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। **(02)**
Mention any two features of the Tribal Development Programme implemented in the 'Bharmaur' region.

14. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कोई तीन भौगोलिक कारकों का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए। **(03)**
Briefly describe any three geographical factors influencing population distribution.

अथवा/ OR

जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कोई तीन आर्थिक कारकों का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।

Briefly describe any three economic factors influencing population distribution.

15. किन्हीं तीन बिंदुओं के आधार पर लघु उद्योगों और कुटीर उद्योगों का तुलनात्मक अध्ययन कीजिए। **(03)**

Conduct a comparative study of small-scale industries and cottage industries based on three points.

अथवा/ OR

किन्हीं तीन बिंदुओं के आधार पर कृषि आधारित उद्योग एवं खनिज आधारित उद्योगों का तुलनात्मक अध्ययन कीजिए ।

Conduct a comparative study of agro-based industries and mineral-based industries based on three points.

16. 'राष्ट्रीय युवा नीति' के कोई तीन उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए । **(03)**

Explain any three objectives of the 'National Youth Policy'.

अथवा/ OR

आर्थिक स्तर की दृष्टि से भारत की जनसंख्या के तीन वर्गों का विश्लेषणात्मक अध्ययन कीजिए ।

Provide an analytical description of the three segments of India's population based on economic status.

17. लौह खनिज किसे कहते हैं? किन्हीं दो लौह खनिजों का वर्णन कीजिए । **(03)**

What are ferrous minerals? Describe any two ferrous minerals.

अथवा/ OR

ऊर्जा के किन्हीं तीन गैर परंपरागत स्रोतों का वर्णन कीजिए ।

Describe any three non-conventional sources of energy.

18. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत सरकार द्वारा खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिए किए गए कोई चार उपायों का वर्णन कीजिए। **(04)**

Describe any four measures taken by the Government of India to increase food grain production after independence.

अथवा/ OR

भारतीय कृषि की कोई चार समस्याओं का वर्णन कीजिए।

Describe any four problems faced by Indian agriculture.

19. विश्व के मानचित्र में प्रदर्शित बिंदुओं को पहचान कर मानचित्र में नामांकित कर कीजिए- **(1X5=5)**

(i) उत्तरी अमेरिका के विस्तृत वाणिज्य कृषि के क्षेत्र

(ii) अफ्रीका के मिश्रित कृषि के क्षेत्र

(iii) ऑस्ट्रेलिया के डेयरी कृषि के क्षेत्र

(iv) मॉरीशस

(v) केपटाउन

Identify the points shown on the world map and label the following regions:

(i) Areas of extensive commercial agriculture in North America

(ii) Areas of mixed farming in Africa

(iii) Areas of dairy farming in Australia

(iv) Mauritius

(v) Cape Town

अथवा/ OR

विश्व के मानचित्र में प्रदर्शित बिंदुओं को पहचान कर मानचित्र में नामांकित कर कीजिए-

(i) दक्षिण अमेरिका के आदिकालीन निर्वाह कृषि के क्षेत्र

(ii) ऑस्ट्रेलिया के वाणिज्यिक पशुधन पालन के क्षेत्र

(iii) यूरोप के विस्तृत वाणिज्यिक अनाज कृषि के क्षेत्र

(iv) सिडनी

(v) न्यूयॉर्क

Identify the points shown on the world map and label the following regions:

(i) Areas of Primitive Subsistence Agriculture in South America

(ii) Areas of Commercial Livestock Rearing in Australia

(iii) Areas of Extensive Commercial Grain Farming in Europe

(iv) Sydney

(v) New York

नोट: प्रश्न क्रमांक 19 विश्व के मानचित्र के स्थान पर दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न

(i) उत्तरी अमेरिका के विस्तृत वाणिज्य कृषि क्षेत्र को किस मैदान के नाम से जाना जाता है ?

(ii) कौन-सी फसलें मिश्रित कृषि का मुख्य घटक है?

(iii) आस्ट्रेलिया के विस्तृत वाणिज्य कृषि के क्षेत्र किस मैदान के नाम से जाने जाते है ?

(iv) मॉरीशस किस महासागर में स्थित है?

(v) केपटाउन किस महाद्वीप में स्थित है?

Note: Que. No.19 for visually impaired candidates in place of world map.

(i) By which name is the vast commercial agricultural area of North America known?

(ii) Which crops are the main components of mixed farming?

(iii) By what name are the areas of extensive commercial agriculture of Australia known?

(iv) Mauritius is situated in which ocean?

(v) In which continent is Cape Town located?

अथवा/ OR

नोट: प्रश्न क्रमांक 19 का अथवा विश्व के मानचित्र के स्थान पर दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न

(i) मध्य अमेरिका में आदिकालीन निवर्वाह कृषि को किस नाम से जाना जाता है?

(ii) आस्ट्रेलिया भूमध्य रेखा के किस भाग में स्थित है?

(iii) यूरोप के विस्तृत वाणिज्यिक कृषि के क्षेत्र किस मैदान के नाम से जाने जाते हैं।

(iv) सिडनी किस महाद्धीप में स्थित है।

(v) न्यूयार्क किस महासागर पर स्थित समुद्री पत्तन है ?

Note: An alternative que.No. 19 for visually impaired candidates, in place of the world map .

(i) By what name is primitive subsistence agriculture known in Central America?

(ii) In which part relative to the equator is Australia located?

(iii) By what name are the regions of extensive commercial agriculture in Europe known?

(iv) In which continent is Sydney located?

(v) On which ocean is the seaport of New York located?

20. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए - **(1X5=5)**

(i) भारत की राष्ट्रीय राजधानी

(ii) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य

(iii) 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

(iv) भारत का सर्वाधिक चाय उत्पादक राज्य

(v) बालाघाट

Mark the following on the map of India:

(i) National capital of India

(ii) State with the highest literacy rate in India according to the 2011 census

(iii) State with the lowest population density according to the 2011 census

(iv) State with the highest tea production in India

(v) Balaghat

अथवा/OR

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए -

(i) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य

(ii) केंद्र शासित राज्य लक्षद्वीप

(iii) भारत का सर्वाधिक जूट उत्पादक राज्य

(iv) भारत का सर्वाधिक चावल उत्पादक राज्य

(v) अमरकंटक

Mark the following on the map of India:

(i) India's least populous state according to the 2011 census

(ii) Union Territory of Lakshadweep

(iii) India's largest jute producing state

(iv) India's largest rice producing state

(v) Amarkantak

नोट :प्रश्न क्रमांक 20 भारत के मानचित्र के स्थान पर दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न

(i) भारत का राष्ट्रीय राजधानी का नाम लिखिए।

(ii) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का सर्वाधिक साक्षरता वाला राज्य कौन-सा है?

(iii) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का सबसे कम घनत्व वाला राज्य कौन-सा है?

(iv) भारत के सर्वाधिक चाय उत्पादक राज्य का नाम लिखिए।

(v) बालाघाट भारत के किस राज्य में स्थित है?

Note: Que. No. 20 for visually impaired examinees (in place of the India map question)

(i) Name the national capital of India.

(ii) According to the 2011 census, which state in India has the highest literacy rate?

(iii) According to the 2011 census, which state in India has the lowest population density?

(iv) Name the state in India that produces the most tea.

(v) In which Indian state is Balaghat located?

अथवा/OR

नोट: प्रश्न क्रमांक 20 का अथवा भारत के मानचित्र के स्थान पर दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न-

(i) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के सबसे कम जनसंख्या वाले राज्य का नाम लिखिए।

(ii) केंद्र शासित राज्य लक्षद्वीप किस सागर में स्थित है ?

(iii) भारत का सर्वाधिक जूट उत्पादक राज्य का नाम लिखिए।

(iv) भारत के सर्वाधिक चावल उत्पादक राज्य का नाम लिखिए।

(v) अमरकंटक भारत के किस राज्य में स्थित है?

Note: Que.No. 20 (Alternative): Question for visually impaired examinees, in place of the India map-based question.

(i) Name the state in India with the lowest population, according to the 2011 Census.

(ii) In which sea is the Union Territory of Lakshadweep located?

(iii) Name the state in India that is the largest producer of jute.

(iv) Name the state in India that is the largest producer of rice.

(v) In which Indian state is Amarkantak located?

प्रश्न क्रमांक 19 के 19 वा प्रश्न



प्रश्न क्रमांक 19 हेतु विश्व का मानचित्र

प्रश्न क्रमांक 19 का अथवा हेतु विश्व मानचित्र

प्रश्न क्र० 19 का अथवा

प्रश्न क्रमांक 20 हेतु भारत का मानचित्र